एयरोनाटिकल ट्रेनिंग इंस्टीटयूट, उ0प्र0,
लखनऊ एयरपोर्ट, लखनऊ।

पत्रांक 721-25 /एटीआई/व्य0पत्रा0/2014 दिनांक 18 फरवरी, 2021

## कार्यालय आदेश

आदेश संख्या–1380–84/एटीआई/अनुदेशक दिनांक 25 फरवरी, 2014 द्वारा श्री गौरव बाजपेई को संस्थान में रू0 17,000/– के नियत मासिक पारिश्रमिक पर अनुदेशक (डिमान्सट्रेटर) के पद पर कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से 05 वर्ष की अवधि के लिये संविदा सेवा पर नियुक्ति प्रदान की गयी थी, जिसके अनुपालन में उनके द्वारा दिनांक 28.02.2014 के पूर्वान्ह में अपना योगदान प्रस्तुत किया गया था। तदुपरान्त श्री गौरव बाजपेई के अनुरोध पर सम्यक विचारोपरान्त अन्तिम बार आदेश संख्या–1114–16/एटीआई/व्य0पत्रा0/2014 दिनांक 06 फरवरी, 2020 द्वारा अनुदेशक (डिमान्सट्रेटर) के पद पर संविदा सेवा की अवधि दिनांक 28 फरवरी, 2020 से आगामी 01 वर्ष (अर्थात 27 फरवरी, 2021 तक) के लिये बढ़ाई गयी थी। इस प्रकार श्री गौरव बाजपेई की संविदा अवधि दिनांक 27 फरवरी, 2021 को समाप्त हो रही है।

2. श्री गौरव बाजपेई द्वारा अपने प्रार्थना पत्र दिनांक 02.02.2021 के अर्न्तगत अपनी संविदा अवधि को बढ़ाये जाने का अनुरोध किया है। श्री गौरव बाजपेई के अनुरोध पर सम्यक् विचारोपरान्त वर्तमान मासिक पारिश्रमिक रू0 33,008/– एवं शासनादेश संख्या–1422/छप्पन–2014–17/2014 दिनांक 09 सितम्बर,2014 के अनुसार अनुमन्य 05 प्रतिशत वार्षिक पारिश्रमिक वृद्धि यथासमय पर दिनांक 28 फरवरी, 2021 से आगामी 02 वर्ष (अर्थात 27 फरवरी, 2023 तक) के लिये उनकी संविदा अवधि अनुदेशक (डिमान्सट्रेटर) के पद पर पूर्व शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अधीन बढ़ाई जाती है। श्री गौरव बाजपेई को संविदा अवधि में उक्त नियत मासिक पारिश्रमिक के अतिरिक्त अन्य कोई भत्ते आदि देय न होगें।

3. उक्त संविदा अवधि के सम्बन्ध में श्री गौरव बाजपेई को पूर्व की भाँति रू0 100/– के नान जुडीशियल स्टाम्प पेपर पर अनुबन्ध पत्र निष्पादित करना होगा।

( सुरेन्द्र सिंह )
निदेशक।

उपरोक्त की प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. वित्त नियंत्रक, नागरिक उड्डयन निदेशालय, उ0प्र0, लखनऊ।
2. मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
3. लेखा प्रभाग, ए0टी0आई0, लखनऊ।
4. श्री गौरव बाजपेई, अनुदेशक (डिमान्सट्रेटर), ए0टी0आई0, लखनऊ।

( विनय कुमार राय )
उप निदेशक।